## नशामुक्त भारत पर सामूहिक शपथ 12 को

**चूरू,** (कासं.)। नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत 12 अगस्त को सवेरे 9 बजे शपथ का आयोजन किया जाएगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक नगेंद्र सिंह ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने नशीली दवाओं के सेवन की रोकथाम के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए हैं।

उन्होंने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान के तहत देशभर में विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र थीम पर 12 अगस्त को सवेरे 9 बजे सामूहिक शपथ का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए इंजीनियरिंग, मेड़िकल व पॉलोटेक्निक कॉलजों सहित समस्त शैक्षणिक संस्थानों यथा विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों को शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश प्रदान किये गए हैं।

शपथ कार्यक्रम के दौरान बैकपृष्ठ पर नशा मुक्त भारत अभियान का बैनर प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर नशे के दुरूपयोग के खिलाफ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं खेल से संबंधित गतिविधियां जैसे निबंध प्रतियोगिताएं, सेमिनार, रैली, नुक्कड़ नाटक व मैराथन दौड़ इत्यादि गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

# 50 लाख की फिरौती मांगने वाले बदमाश का जुलूस निकाला


गुढ़ागौड़जी पुलिस ने ईनामी बदमाश से मौका तस्दीक करवाई गई।

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। कस्बे में सात मई को दिन दहाड़े एक व्यापारी पर फायरिंग कर 50 लाख की फिरौती मांगने और खुद को शूटर बताते हुए दुनिया से विदाई करने की धमकी देने वाले बदमाश से शुक्रवार को मौका तस्दीक करवाया गया।

गुढ़ागौड़जी पुलिस ने दो दिन पहले 50 हजार रूपए के ईनामी बदमाश

- **मौका तस्दीक कराते वक्त बदमाश ने पकड़े कान, जोड़े हाथ, दोनों हाथ उपर खड़े करके बोला, आगे बदमाशी नहीं करूंगा**

नवलगढ़ के बाय निवासी कपिल उर्फ देव शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को कपिल उर्फ देश शर्मा को मौका तस्दीक करवाई गई। तो यूपी की तरह झुंझुनूं में भी बदमाश रहम की भीख मांगते नजर आए। जी, हां कपिल उर्फ देव शर्मा को थाने से बस स्टैंड पर स्थित उसी किराने की दुकान पर लाया गया। जहां पर कपिल उर्फ देव वर्मा ने व्यापारी जितेंद्र अग्रवाल पर फायरिंग की थी। इस दौरान व्यापारी को देखते हुए कपिल उर्फ देव शर्मा ने तुरंत व्यापारी के आगे हाथ जोड़े और कान पकड़कर दुबारा ऐसी वारदात ना करने की मिन्नत की।

व्यापारी जितेंद्र अग्रवाल ने भी गुस्से में बदमाश को खूब सुनाई। उसने कहा कि कमाकर खाना सिखो। कौम को बदनाम मत करो। इसके बाद पुलिस ने मौका नक्शा बनाया और मौका तस्दीक करवाकर जब कपिल उर्फ देव शर्मा को वापिस थाने ले जाने लगी तो बीच रास्ते में कपिल उर्फ देव शर्मा रूक गया और दोनों हाथों को उपर करके गुढ़ा के व्यापारियों और कस्बेवासियों के सामने माफी मांगी। साथ ही भविष्य में बदमाशी ना करने की बात कही। यही नहीं वह बार-बार हाथ जोड़ते, कान पकड़ते हुए दिखाई दिया। इस मौके पर सुरेश मीणा किशोरपुरा के नेतृत्व में कस्बे के लोगों ने डीजीपी, आईजी, एसपी, एसएचओ के जिंदाबाद के नारे लगाए। आपको बता दें कि दूसरों को मारने की धमकी देने वाला कपिल उर्फ देव शर्मा खुद के पैरों पर ठीक से चल भी नहीं पा रहा था। दो कांस्टेबलों के सहारे से वह लंगड़ाते हुए पैदल आया और लंगड़ाते हुए वापिस थाने गया। इस दौरान पुलिस सुरक्षा के बंदोस्बत थे। वहीं बड़ी संख्या में भीड़ भी इकट्ठा हो गई थी।

## अखिल भारतीय अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न

**डूंडलोद,** (निसं)। डूंडलोद विद्यापीठ में शुक्रवार को 10वीं अखिल भारतीय आरएस झुंझुनूंवाला स्मृति अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। कास्ट एंड रिलिजन हेव टेकन डिपर रूटस इन इंडियाज डिमोक्रेटिक सिस्टम विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर की 35 स्कूलों के सत्तर छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डूंडलोद विद्यापीठ के उपाध्यक्ष डॉ. केडी यादव ने समारोह की अध्यक्षता की। राजस्थान विश्वविद्यालय के डॉ. मोहित जीनगर, डॉ. एमएल वसिटा एवं डॉ. एलपी महावर के निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर पाटनी पब्लिक स्कूल निंबाहेड़ा ने प्रतियोगिता की चल वैजयंती जीती। व्यक्तिगत स्पर्धा में बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल बहल के एलक्ष डिजोना ने पहला स्थान प्राप्त किया, सीरी विद्या मंदिर पिलानी की मेघा शर्मा ने दूसरा एवं पाटनी पब्लिक स्कूल निंबाहेड़ा की सुहानी तोतला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहने वाले विजेताओं को क्रमश: 21100, 15100 एवं 12100 का नकद पुरस्कार, प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जीबी मोदी पब्लिक स्कूल झुंझुनूं की खुशी शर्मा एवं सेंट स्टीफनस सीनियर सैकंडरी स्कूल अजमेर की हीया मोरानी को 5000-5000 रूपए का नकद सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## सार-समाचार

### कांग्रेस सेवादल ने तिरंगा यात्रा निकाली

**चूरू,** (कासं.)। अंग्रेजो भारत छोड़ो दिवस पर देश के महान स्वाधीनता सैनानियों को श्रद्धाजंली अर्पित करने तथा देश की एकता अखण्ड़ता को अक्षुण बनाये रखने के लिए चूरू जिला कांग्रेस सेवादल की ओर से जिला मुख्य संगठक संजय दीक्षित व जिला चूरू सेवादल प्रभारी सुभाष स्वामी के नेतृत्व में शुक्रवार को इन्द्रमणी पार्क से कलेक्ट्रेट तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चूरू शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम खोकर, चूरू देहात ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर धांधू, युवक कांग्रेस प्रवक्ता सदाम हुसैन रहे। जूलूस में कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वन्देमातरम आदि नारे लगाए। इस अवसर पर चूरू शहर मुख्य संगठक सलीम चौहान, अल्ताफ रंगरेज, ज्योति सिंह सेवादल जिला उपाध्यक्ष, संजय बूरड़क, फिरोज खान, सजन भाकर, हेतराम, महेन्द्र जाखड़, निरंजन शर्मा, जेठाराम मेघवाल, आयुष, जगदीश, समसुदीन खोखर, ओमप्रकाश नाई, बीरबल स्वामी, प्रताप सिंह, ओमप्रकाश नाई, राजेन्द्र, नरेश कुमार भार्गव, शिशपाल, ओमप्रकाश, रिजवान सयैद, प्रकाश, चन्द्रभान शर्मा, ओमप्रकाश बाकोलिया, शंकर स्वामी, लुणाराम मेघवाल, मुखत्यार, प्रशांत चाहर, धर्मचन्द्र सारण सहित सेवादल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नूआं में ईद बानो को किया सुपुर्द-ए-खाक

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं के चर्चित किडनी कांड के चलते जान गंवाने वाली नूआं गांव की ईद बानो को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किया गया। आपको बता दें कि चार अगस्त की शाम को एसएमएस अस्पताल जयपुर में ईलाज के दौरान ईद बानों की मौत हो गई थी। इसके बाद परिजन, ग्रामीण और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। वहीं परिजन शव नहीं ले रहे थे। लेकिन झुंझुनूं दौरे पर रहे प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया। वहीं परिजनों ने भी पोस्टमार्टम करवाकर शव लिया। इसके बाद शव को गांव लाया गया। जहां पर गमगीन माहौल में ईद बानो को सुपुर्द ए खाक किया गया। आपको यहां यह भी जानकारी दे दें कि ईद बानो की संक्रमित की बजाय स्वस्थ किडनी डॉ. संजय धनखड़ द्वारा निकाली गई थी। जिसके बाद से ईद बानो जिंदगी से जंग लड़ रही थी। लेकिन आखिरकार वह जंग हार गई।

### होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आज

**चूरू,** (कासं.)। शेखावाटी होम्योपैथिक मेड़िकल एसोसियेशन एवं विशाल सिंह शेखावत निहाल कंवर सा मेमोरियल ट्रस्ट चूरू के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मणगढ स्थित श्रद्धानाथ आश्रम में ब्रम्हलीन सिद्ध संत श्रद्धानाथ महाराज की पुण्यतिथि महोत्सव बरसोदी पर शनिवार 10 अगस्त को एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक आयोजित होगा। यहां शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ ड़ॉ. अमरसिंह शेखावत के नेतृत्व में ड़ॉ. बीएल गौड़, ड़ॉ. राजपाल मायल, ड़ॉ. कौशल, ड़ॉ. ड़ी. दास, ड़ॉ. हर्षवर्द्धन सिंह शेखावत एवं उनकी टीम नि:शुल्क चिकित्सा सेवाएं देंगे। चिकित्सा शिविर प्रभारी व एसोसियेशन के अध्यक्ष ड़ॉ. अमर सिंह शेखावत के अनुसार सभी रोगियों को नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की जायेगी।

### जर्जर हवेली की सुध लेने की मांग

**सुजानगढ** (नि.स.) बैंक ऑफ बडौदा के पास स्थित जर्जर हवेली का निरीक्षण कर संभावित हादसे को रोकने की मांग को लेकर व्यापारियों ने नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि बैंक ऑफ बडौदा एवं पंजाब नेशनल बैंक के पास समृद्धि प्लाजा के समाने एक जर्जर हवेली स्थित है। जिसकी दीवार में करीब चार ईंच चौडी दरार है तथा दीवार भी झूकी हुई है, जिसके कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। ज्ञापन में बताया गया है कि नजदीक अनेक दुकानें हैं, जिनसे खरीददारी के लिए ग्राहकों एवं बैंकों में दिन भर लोगों का आना-जाना लगा रहता है, वहीं आम रास्ता होने से दिन भर राहगीरों एवं वाहन चालकों का आवागमन बना रहता है। ज्ञापन पर राजकुमार प्रजापत, शांतिलाल मालू, खुशीराम चांदरा, कालूराम, माधव, कमल, पूर्व पार्षद मनीष गोठडिया सहित अनेक लोगों के हस्ताक्षर है।

### मुआवजे के लिए कागजात जमा करवाएं

**खिरोड़,** (निसं)। ग्राम पंचायत क्षेत्र में पिछले दिनों रबि की फसल में ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसल का मुआवजा लेने के लिए संबंधित हल्का पटवारी के पास अपने कागजात जमा करवा देवें। खिरोड़ हल्का पटवारी विद्याधर बोयल ने बताया कि अभी तक जिन किसानों को पिछले दिनों रबि की फसल में ओलावृष्टि से नष्ट हुई। फसल का मुआवजा जिन किसानों को अभी तक नहीं मिला है। वह किसान शीघ्र ही खिरोड़ हल्का पटवारी के पास अपने संबंधित कागजात जमा करवा देवे एवं अपने जन आधार को अपने बैंक खाते से जुड़वा लेवें। ताकि समय पर मुआवजा मिल सके।

### राहुल गांधी से मिले झुंझुनूं सांसद ओला

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र ओला ने शुक्रवार को दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेत राहुल गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात एक शिष्टाचार मुलाकात थी। लेकिन दोनों के बीच राजनैतिक मसलों पर चर्चा हुई। खास तौर पर राजस्थान की राजनीति को लेकर चर्चा हुई। गांधी ने बृजेंद्र ओला को एक बार फिर जीत की बधाई देते हुए कहा कि वे पुरजोर शब्दों में झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र के मुद्दों को सदन में उठाएं। ताकि जन आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके।

### सभापति ने किया पौद्यारोपण

**सुजानगढ,** (नि.स.)। मदरसा तालिमुल उस्लाम एवं नीलगरान समाज द्वारा पौद्यारोपण किया गया। सभापति नीलोफर गौरी, पूर्व सभापति सिकन्दर अली खिलजी, मो. इदरीश गौरी, सदर मो. सफी खिलजी, नायब सदर मुमताज खुडिका, पार्षद शगुफ्ता बेहलीम आदि मौजूद रहे।

## बकरी चोरी करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**चूरू,** (कासं)। रतननगर थाना पुलिस ने बकरी चोरी करने के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यहां जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव आईपीएस ने बताया कि 7 अगस्त को लाखनसिंह पुत्र पूर्णसिंह जाति राजपूत निवासी जसरासर जिला चूरू ने उपस्थित थाना रतननगर होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मैं खेती बाड़ी के साथ बकरियां भी रखता हूं।

चार अगस्त को दोपहर के समय मेरे घर पर अरविन्द के साथ चाय पी रहा था, घर के पिछे खेत में मेरी पांच बकरी चर रही थी। अचानक बकरियों के बोलने की आवाज सुनाई दी तो मैंने देखा कि 3-4 आदमी एक सिलवर कलर की ईरटीका गाड़ी में बकरियों को ड़ाल रहे थे। तब मैं व अरविन्दसिंह भाग कर उनकी तरफ गये तो मेरी 4 बकरियों को इरटीका गाड़ी में ड़ालकर चूरू की तरफ भाग गये। सूचना मिली कि थाना ईलाका में गांव कुनसीसर व आस पास के ईलाकों में बकरी की चोरी करने वाला गिरोह इरटिका गाड़ी लेकर आस पास के गांव में घूम रहे हैं। थोड़ी देर बाद सूचना मिली कि गांव ढाढरिया बणीरोतान बस स्टेण्ड़ पर एक गाड़ी पलट गई है जिस पर मौका पर पहुंचकर देखा तो एक इरटिका पलटी हुई है। मौका पर चिराग पुत्र नूर मोहम्मद जाति लबाना मुसलमान उम्र 30 साल निवासी पिरकामड़िया पुलिस थाना टिब्बी तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ, गुरदीपसिंह पुत्र जीतराम जाति कम्बोज उम्र 28 साल निवासी पिरकामड़िया पुलिस थाना टिब्बी तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ, दिलावार खां पुत्र नूर मोहम्मद जाति लबाना मुसलमान उम्र 32 साल निवासी पिरकामड़िया पुलिस थाना टिब्बी तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ और गुलाम मोहम्मद खां पुत्र नूर मोहम्मद जाति लबाना मुसलमान उम्र 54 साल निवासी पिरकामड़िया पुलिस थाना टिब्बी तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ को लगी चोट व गाड़ी के पलटने के बारे में पूछा तो बताया कि हम चारों प्लान बनाकर भैड़ बकरी की चोरी करने के लिये आये थे।

## 1100 पौधे लगाकर सार संभाल की जिम्मेदारी दी

**रतनगढ़**(निसं)मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर ग्राम पंचायत नोसरिया द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायत की रा उ मा वि में प्रधानाचार्य मंजू कुलहरि, रा उ प्रा संस्कृत वि संस्था प्रधान पंकज पीपलवा, रा उ प्रा वि गोपालपुरिया संस्था प्रधान मोहन लाल के निर्देशन में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर सार-संभाल की ज़िम्मेदारी दी। इस अवसर पर सरपंच संतोष कंवर ने छात्रों को वर्तमान में वृक्षों की आवश्यकता के बारें में बताते हुवे कहा कि वृक्ष का पालन पुत्रवत करना चाहिए। ग्राम विकास अधिकारी परमेश्वर सिंह ने बताया कि पंचायत की विद्यालयों सहित अनेक स्थानों पर लगभग 1100 पौधे लगाकर उनके सार-संभाल की जिम्मेदारी दी है और आगामी समय में भी सेंकड़ो पौधे और लगाए जायेगे। इस अवसर पर समाजसेवी देवेंद्र सिंह राठौड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# शराब का ठेका हटवाने की मांग, ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन


शराब का ठेका गांव से हटवाने की माँग को लेकर धरना प्रदर्शन करती रावसर कुंजला की महिलाएं।

**सादुलपुर,** (निसं)। हमीरवास थाने के गांव रावतसर कुंजला में गांव ड़ाबली ढाणी रोड़ पर खोले गये शराब के ठेके को हटवाने की मांग को लेकर महिलाओं एवं ग्रामीणों ने शराब ठेके के पास धरने पर बैठकर रोष जताया।

वहीं ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन की मिली सूचना पर सांखू फोर्ट पुलिस चौकी से गांव रावतसर कुंजला में पुलिस जाब्ता पहुंचा। साथ ही आबकारी निरीक्षक विद्याधर पूनियां भी मौके पर पहुंचे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के धरना व विरोध प्रदर्शन को देखते हुए आबकारी निरीक्षक विद्याधर पूनियां ने संबन्धित ठेकेदार को नोटिस देकर 15 दिवस में शराब ठेका अन्यत्र स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। जिसके बाद महिलाएं शांत हुई। महिलाओं ने बताया है कि गांव रावतसर कुंजला में गांव से ड़ाबली ढाणी रोड़ पर शराब का ठेका खोल रखा है जो कि गांव के बीच में और गांव की मैन रोड़ पर होने के कारण शराबियों के द्वारा बार-बार उत्पात मचाया जा रहा है, जिससे आने जाने वाले राहगिरों और गांव मोहल्ले के लोग भारी परेशान हैं। नजदीक ही सार्वजनिक चोक बस स्टेण्ड़, अम्बेड़कर चौक है, तथा यही पर सूरा का बास रोड़ निकलता है और यही से इन्द्रा कॉलोनी की भी रोड़ निकलती है। इस कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको मध्यनजर रखते हुए गाँव रावतसर कुंजला से इस शराब के ठेके को हटवाकर गांव से दो किलोमीटर दूर किया जाने की माँग की जा रही है। गौरतलब है कि 01 अप्रेल 2024 को गांव रावतसर कुंजला निवासी सुभाष, सुमित, सरस्वती, प्रेम, केसर, सजना, ललिता देवी, मनोहरी, कमला, सुमन, सूबदा, पतासीदेवी, रोताश, राजबाला, भंवरी, करण सिंह, सुप्यार, एकता, सीतादेवी, बबीता, पार्वती, धापा आदि ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था तथा इसके बाद 06 अप्रेल 2024 को एसड़ीएम राजगढ को ज्ञापन देकर ग्रामीणों ने धरने पर बैठने की चेतावनी दी गई थी।

# भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई बैठक

**सीकर।** भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की बैठक जिलाध्यक्ष ड़ॉ. कमल सिखवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा व मंड़ल संयोजकों से अभियान की तैयारियों की जानकारी लेने, अभियान को गति देने पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष ड़ॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान में जिले के प्रत्येक घर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक तिरंगा फहराना है। कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। विधायक गोरधन वर्मा ने कहा कि संगठन के कार्य में हम सबकी भागीदारी होती है ऐसे में सभी को मिलकर हर घर में तिरंगा फहराना है। अभियान के जिला संयोजक हरिकिशन खीचड़ ने जिलाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि अभियान की सफलता को लेकर विधानसभाओं व मंड़लों में संयोजकों की नियुक्ति की जा चुकी है और सभी अभियान की सफलता को लेकर अभी से कार्य में लग भी चुके हैं। बैठक के बाद सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर तिरंगा फहराकर अभियान की शुरूआत की। हर घर तिरंगा अभियान में 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराना, 11 से 15 अगस्त तक सफाई अभियान, शहीद विरांगनाओं व स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान, बाईक व तिरंगा यात्रा सहित 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष ड़ॉ. कमल सिखवाल, पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा, जिला संयोजक हरिकिशन खीचड़, सह संयोजक ओमप्रकाश बिजारणियां, जगदीश कुमावत, बाबुसिंह बाजौर, बाबुलाल आगवाड़ी आदि मौजूद रहे।

## चिड़ावा में निकली तिरंगा रैली

**चिड़ावा।** पालिका चिड़ावा की ओर से अधिशाषी अधिकारी रोहित मील के निर्देशन में घर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई। झुंझुनूं रोड़ स्थित नगरपालिका कार्यालय से रवाना हुई। रैली झुंझुनूं रोड़ स्थित बस स्टैंड़, पुलिस चौकी, स्टेशन रोड़, कबूतरखाना बस स्टैंड़ पहुंचकर वापस झुंझुनूं रोड़ स्थित नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर विसर्जित हुई। रैली में शामिल कार्मिकों और अन्य लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए भारत माता के जयकारे लगाए। नगरपालिका कनिष्ठ अभियंता आकाश जांगिड़ और वरिष्ठ लिपिक संजय चौधरी की अगुवाई में निकली रैली के दौरान आमजन को तिरंगे के प्रति जागरूक किया।

## शहीद मूर्ति का अनावरण कल, यूडीएच मंत्री आएंगे

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहीद सूबेदार राजेंद्र भांबू की मूर्ति का अनावरण समारोह रविवार 11 अगस्त 2024 को सुबह 10 बजे मालीगांव बगड़ में किया जाएगा। मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा होंगे।

अध्यक्षता पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल सतपाल सिंह कटेवा, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, राजेंद्र यादव, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, भाजपा नेता राजेंद्र भांबू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल पूनियां, पूर्व सैनिक कल्याण अधिकारी राजवीर भांबू, भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां तथा भाजपा नेता राजेश दहिया होंगे। इस मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झुंझुनूं द्वारा आंखों के कैंप का आयोजन किया जाएगा। सेंटर फॉर साइट केडी आई हॉस्पिटल झुंझुनूं के डॉक्टर और स्टाफ के द्वारा कैंप में सेवाएं दी जाएगी। परिषद के अध्यक्ष सूबेदार मेजर धर्मपाल सिंह भांबू ने बताया कि कैंप में आने वाले पूर्व सैनिक उनके परिजन गांव से पधारे हुए बुजूर्गों को सेवाएं दी।

## शहीद की प्रतिमा के पास लगाए पौधें

**सादुलपुर,** (निसं)। निकटवर्ती गाँव गगोर में एक बहन ने वीर शहीद सहदेव सिंह की प्रतिमा के पास शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व अंतर्गत पीपल और बड़ का पौधा बहन भाई की यादगार के रूप में लगाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया है। गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र सांगवान ने बताया कि रक्षा पर्व अंतर्गत बहन सुनीता ने शहीद सहदेव सिंह की प्रतिमा के पास बड़ तथा पीपल के पौधे को यादगार के रूप में लगाने की इच्छा जताई तथा बहन की इच्छा पूर्ति के लिए शहीद सहदेव सिंह की प्रतिमा के पास बड़ ओर पीपल का पौधा लगाया गया है तथा देखभाल की भी जिम्मेदारी ली है। इस अवसर पर बहन सुनीता ने पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि पेड़ पौधों के बिना प्रकृति और मानव जीवन का अस्तित्व नहीं है। उन्होंने आने वाली भावी पीढियों के लिए खेत खलियानों और गांव के सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधरोपण कर गांव को हरा भरा बनाने का संदेश दिया है। इस अवसर पर वेदपाल सहारण ने बेटी की सोच को अपनाने ओर गांव को हरा भरा बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर शहीद सहदेव सिंह के छोटे भाई नरेश पूनिया, कर्मवीर गढवाल, सतपाल पूनिया, जगबीर पूनिया, हरेंद्र उर्फ ड़िप्टी, वेदपाल सहारण व नरेंद्र सांगवान आदि ने भागीदारी निभाई।

# पुलिस थाना बनने के लिए स्थान के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने जताया विरोध


ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया एवं जमकर विरोध जताया।

**खिरोड़,** (निसं)। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा देवीपुरा गांव में पुलिस थाना स्वीकृत किए जाने के बाद देवीपुरा ग्राम पंचायत द्वारा गांव में बने भगवान देवनारायण के मंदिर के पास पुलिस थाना बनाने के लिए स्थान चिह्नीकरण का प्रस्ताव बनाकर भेजे जाने का ग्रामीणों ने गुरुवार को उसी स्थान पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया एवं जमकर विरोध जताया।

ग्रामीणों ने बताया कि देवीपुरा में बने भगवान देवनारायण मंदिर के पास प्रतिवर्ष भगवान देवनारायण का मेला लगता है। जिसमें हजारों श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। अगर इस स्थान पर पुलिस थाना खुल जाएगा। तो प्रतिवर्ष लगने वाला भगवान देवनारायण का मेला भी बंद हो जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को भारी ठेस पहुंचेगी। ग्रामीणों ने बताया कि पास में ही सरकारी विद्यालय बना हुआ है। इसलिए यहां पुलिस थाना खुलने पर विद्यालय में भी व्यवधान पहुंचेगा। ग्रामीणों का धरना रात्रि 9 बजे तक भी जारी रहा।

देवीपुरा गांव में पुलिस थाना के लिए स्थान चिह्नीकरण के प्रस्ताव का विरोध करने वाले ग्रामीणों से मिलने के लिए पुलिस थाना गोठड़ा के एसएचओ कमलेश चौधरी के अलावा कोई भी प्रशासनिक अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचे। जिससे ग्रामीणों में प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति काफी नाराजगी है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों ने एकत्रित होकर ग्रामीणों की सर्वसम्मति से यहां पुलिस थाना नहीं खोले जाने को लेकर जिला कलेक्टर, नवलगढ एसडीएम एवं नवलगढ़ तहसीलदार को ज्ञापन भी दिया जा चुका है। मगर फिर भी प्रशासन इसी जगह पर पुलिस थाना खोले जाने के लिए उतारू हो रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक प्रशासन इस स्थान को नहीं छोड़ेगा तब तक ग्रामीण इसका विरोध करते रहेंगे।

देवीपुरा ग्राम वासियों ने बताया कि भगवान देवनारायण मंदिर के पास पुलिस थाना खोले जाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है और इस स्थान पर ग्रामीणों द्वारा पौधारोपण करने के लिए गड्ढे खोदे गए एवं चारों तरफ पत्थरगढ़ी की गई। मगर शाम को पुलिस प्रशासन ने पहुंच कर

- **जिला कलेक्टर एसडीएम एवं तहसीलदार को ज्ञापन दे चुके हैं ग्रामीण**

पत्थरों को उखाड़ कर फेंक दिए जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी है।

देवीपुरा गांव में ग्राम पंचायत द्वारा पुलिस थाने के लिए भगवान देवनारायण मंदिर के पास जगह चिह्नित करके इसका प्रस्ताव भेजे जाने का ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस जगह पुलिस थाना नहीं खोले जाने को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर, नवलगढ एसडीएम एवं नवलगढ़ तहसीलदार को ज्ञापन भी दिया जा चुका है जिसमें यहां पुलिस थाना नहीं खोले जाने का सर्वसम्मति से जिक्र किया जा चुका है।

पुलिस थाना यहां देवनारायण भगवान के मंदिर के पास नहीं बनने पर सहमति जताई और गोल्याणा मार्ग पर गौशाला के आगे 6 बीघा जमीन बताई गई। जिसमें पुलिस थाना खोले जाने के लिए ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया और प्रशासन को उस छह बीघा में पुलिस थाना खोले जाने के लिए नई जगह बताई।

## आज मनेगा पीएम सुरक्षित मातृत्व दिवस

**झुंझुनूं,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जिलेभर के 140 से अधिक चिकित्सा संस्थानों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जांच, परामर्श और उपचार सेवाए प्रदान की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 और 27 तारीख को मनाए जाने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस 9 अगस्त को आदिवासी दिवस का अवकाश होने के चलते 10 अगस्त शनिवार को आयोजित किया जा रहा। इस दिन चिकित्सा संस्थानों में स्त्री रोग विशेषज्ञ, चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य की विशेष देखभाल परामर्श, जांच और उपचार की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। आरसीएचओ और नोडल अधिकारी डॉ. दयानंद सिंह ने बताया कि जिले के 140 चिकित्सा संस्थानों पीएचसी, यूपीएचसी, सीएचसी, एसडीएच व डीएच अस्पतालों में चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के तरीके बताते हुए पोषण के बारे में जानकारी दी जाएगी। इन सत्रों मे गर्भवती महिलाओं के हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, लंबाई, एचआईवी आदि जांच कर दवाएं भी दी जाएगी। खून की अधिक कमी होने पर आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन भी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब गर्भवती महिलाओं में हेपेटाइटिस की भी स्क्रीनिंग की जाएगा।


**-निविदा सूचना-**

निविदा क्रमांक BBC/PM/04 बांधनी बंधेज (टाई एंड डाई) क्लस्टर चूरू के अंतर्गत प्लांट मशीनरी के टेर्नकी प्रोजेक्ट हेतु इच्छुक सप्लायर से निर्धारित निविदा प्रपत्र में दिनांक 31.08.2024 सांय 5 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट https://ppdcagra.dcmsme.gov.in/Tender.html पर विजिट करे;

Ashyana Sansthan
Project Director

**नाम परिवर्तन**

मेरे पति बीएसएफ से सेवानिवृत थे। मेरे स्व. पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम संतरा देवी व उम्र 49 वर्ष दर्ज है। अन्य दस्तावेजों में संतरा व जन्म तिथि 12.07.1952 दर्ज है जो कि सत्य व सही है। मैं एक ही महिला हूं।

शपथग्रहिता
संतरा पत्नी उम्मेदसिंह नाई निवासी
सूरतपुरा, तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 24/2024
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री महेश कयाल जरिये अधिवक्ता श्री भानू प्रकाश सरोज ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट वीरगंज (नेपाल) खाटूश्यामजी, तहसील दांतारामगढ़, जिला सीकर के प्रन्यासियों में हुए परिवर्तन को दर्ज अभिलेख कराने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 06.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 10.09.2024

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

# देवनानी ने दिल्ली में पी.एम. मोदी से मुलाकात की

## राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रधानमंत्री का उनके तीसरे स्वर्णिम कार्यकाल के लिए अभिनंदन किया

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार को दिल्ली यात्रा पर रहे। देवनानी ने दिल्ली में संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने मोदी का उनके नेतृत्व में तीसरी बार बनी केंद्र सरकार के यशस्वी और स्वर्णिम कार्यकाल हेतु अभिनंदन किया। देवनानी ने भारत की जनता द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर किए गए भरोसे को ऐतिहासिक बताया। देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को पुष्प गुच्छ, भगवान झूलेलाल की तस्वीर, विभाजन विभिषिका पुस्तक की प्रति और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 से आरंभ राजस्थान विधानसभा डायरी भेंट की। स्पीकर देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर वर्ष 2021 से 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस मनाए जाने की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। देवनानी ने प्रधानमंत्री को बताया कि उनके परिवार ने भी विभाजन का दंश झेला था। देवनानी ने प्रधानमंत्री से सिंधी समाज के गौरवशाली इतिहास के बारे में भी चर्चा की।

देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को 16वीं राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों की जानकारी दी। स्पीकर देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को विधानसभा में किए गए नवाचारों का फोल्डर भी भेंट किया। प्रधानमंत्री


राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर भगवान झूलेलाल की तस्वीर भेंट की।

मोदी ने भारतीय नव वर्ष से प्रारंभ की गई राजस्थान विधानसभा की डायरी को देखा। प्रधानमंत्री ने देवनानी को इस प्रकाशन के लिए बधाई देते हुए

- **देवनानी ने मोदी को राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों की जानकारी दी, प्रधानमंत्री ने नवाचारों की सराहना की**
- **देवनानी ने प्रधानमंत्री से सिंधी समाज के गौरवशाली इतिहास के बारे में भी चर्चा की**

कहा कि डायरी में प्रत्येक महीने के आरंभ में प्रकाशित महापुरुषों के चित्र गौरवान्वित करते हैं।

प्रधानमंत्री ने विधानसभा की डायरी के प्रत्येक महीने के प्रथम पृष्ठ को देखा। प्रधानमंत्री ने विधानसभा में किए गए नवाचारों की सराहना की। देवनानी ने प्रधानमंत्री को बताया कि राजस्थान विधानसभा को गुजरात विधानसभा की तर्ज पर पेपरलेस बनाए जाने के लिए नेवा परियोजना का कार्य आरंभ कर दिया गया है। स्पीकर देवनानी की प्रधानमंत्री मोदी से इस शिष्टाचार मुलाकात में राजस्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दो दिवसीय यात्रा पर जोधपुर पहुंचे

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपनी पत्नी के साथ राजस्थान हाईकोर्ट में आयोजित सेमिनार में हिस्सा लिया

**जोधपुर, (कासं)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार शाम को दो दिवसीय यात्रा पर जोधपुर पहुंचे। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर अगवानी की। उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंट कर उपराष्ट्रपति का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी मधु श्रीवास्तव, संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल एवं अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

उपराष्ट्रपति ने अपनी पत्नी सहित राजस्थान हाईकोर्ट में आयोजित सेमिनार में हिस्सा लिया। उप राष्ट्रपति ने अपने वकालात के समय के अनुभव शेयर किए। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट जस्टिस संदीप मेहता, चीफ जस्टिस हाईकोर्ट राजस्थान एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस पुष्पेंद्र भाटी भी मौजूद थे। उप राष्ट्रपति कल हाईकोर्ट की प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। शनिवार सुबह 11 बजे वे मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर में राजस्थान


संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर अगवानी की।

उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। दोपहर दो बजे वे यहां से सीधे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। गौरतलब है कि राजस्थान हाई कोर्ट की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर बार कौंसिल ऑफ राजस्थान इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। शनिवार को रोल ऑफ ज्यूडिशरी इन इमर्जिंग इंडिया विषय पर सेमिनार भी आयोजित होगा, जिसमें उपराष्ट्रपति सहित सभी अथिति शामिल होंगे।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता से घर में घुसकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति के दोस्त पर घर में अकेले होने का फायदा उठाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने रामगंज थाने में शिकायत दी है, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामगंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित विवाहिता ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए पति के दोस्त पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि उसका पति काम पर गया हुआ था। पीछे से पति का दोस्त घर पर आया था। जब वह पानी लेने के लिए गई तो आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जब वह चिल्लाने लगी तो आरोपी ने उसे अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी कि वह उसे समाज में बदनाम कर देगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसका पति हॉस्पिटल लेकर गया था।

# मारपीट कर लूट करने का आरोपी गिरफ्तार

## एक साल से फरार चल रहा था आरोपी

**खेतड़ी, (निसं)।** मेहाड़ा पुलिस ने बांसियाल में मारपीट कर डकैती करने के मामले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले एक साल से फरार चल रहा था।

थानाधिकारी सरदारमल चौधरी ने बताया कि 18 जुलाई 2023 को परिवादी राहुल ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि वह और उसका साथी बाइक पर बांसियाल से खेतड़ी की ओर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में रोककर कुछ युवकों ने बेरहमी से मारपीट कर वीडियो बनाया। इस दौरान लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। थाने में मामला दर्ज होने के बाद एसपी प्रवीण कुमार नायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस की टीम आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी लेकिन आरोपी शातिर होने के कारण पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि लूट व मारपीट करने का आरोपी थाना क्षेत्र में अपने गांव आया हुआ है, जिस पर पुलिस टीम ने दबिश देकर बांसियाल निवासी रविप्रकाश पुत्र बलवीर गुर्जर को हिरासत


मारपीट व लूट के मामले में युवक को गिरफ्तार किया।

में लेकर घटना के बारे में पूछताछ की तो वारदात में शामिल होना कबूल कर लिया।

जिस पर पुलिस ने आरोपी को मारपीट कर लूट के मामले में गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी सरदारमल चौधरी, एचसी हरिराम, कांस्टेबल रवि कुमार, चौखाराम, मुंशीराम आदि शामिल थे।

# गोली लगने से घायल हुए गौरक्षक की मौत

## नूंह में दो माह पहले पशु तस्करों ने गोली मारी थी

**पावटा, (निसं)।** हरियाणा के गुरुग्राम जिले के नूंह में दो महीने पहले पशु तस्करों के हमले में गोली लगने से घायल गौरक्षक सोनू सरपंच की वेदांता अस्पताल में मौत के बाद श्री राम गौ सेवा समिति व संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति के गौ सेवकों मे आक्रोश देखा गया। बैठक के दौरान सीएम के नाम ज्ञापन देने की बात कहते हुए गौरक्षक सोनू सरपंच के हमलावरों को गिरफ्तार कर उसे न्याय दिलाने की बात कही। गौरतलब है कि गौरक्षक सोनू सरपंच को 15 जून को तड़के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर नूंह जिले के महू-चोपता गांव के पास पशु तस्करों ने गोली मार दी थी, जिसकी वेदांता अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस दौरान नीरज सैन, सुभाष यादव, निलेश चौधरी, राहुल खंडेलवाल, पंकज जिन्दल, लोकेश टांक, विकास शर्मा, रिंकू थालोड, पवन यादव, अक्षय सिंह, नितेश शर्मा, आदित्य गौड़, अमित वर्मा, प्रिंस शर्मा, विशाल गुवारिया, अनिल कुमावत, राघव शर्मा अमित बटवाल, प्रह्लाद सैन, साहिल टीलावत सहित कई गौ सेवक मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर, (निसं)।** युवती ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने एवं वीडियो व फोटो खींचने का मामला पुलिस थाने में दर्ज करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी भुपेन्द्र सुथार पुत्र चतुर्भुज के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी से दस वर्ष का परिचय है। 29 जुलाई को आरोपी के बुलावे पर मैं मौके पर उसके बताए अनुसार होटल पर गई थी। जहां उसने बातचीत करने के दौरान पेय पदार्थ पिलाया उसके बाद मैं अचेत हो गई। इस दौरान उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा फोटो व वीडियो तैयार कर लिया।

# बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर भीलवाड़ा के बाजार बंद रहे

**भीलवाड़ा, (निसं)।** संत व सनातन धर्म समाज के बैनर तले हरिसेवा उदासीन आश्रम के महंत हंसराम और अन्य संतों-महात्माओं के सान्निध्य में बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर भीलवाड़ा के बाजार बंद रहे। वहीं संतों के सानिध्य में रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

महंत हंसराम ने बताया कि वर्तमान में बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर घोर अत्याचार हो रहा है। हिन्दूओं के धार्मिक स्थलों, घरों, मकानों, ऑफिस, व्यापारिक संस्थानों, मॉल विविध स्थलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, महिलाओं व बालिकाओं के साथ बलात्कार व अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है सैकड़ों हिन्दू अल्पसंख्यकों की हत्या की गई है। महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन, महंत संतदास



बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर भीलवाड़ा के बाजार बंद रहे और संतों ने रैली निकाली।

महाराज हाथीभाटा, महंत रामदास रामायणी हनुमंत धाम, महंत बलरामदास महाराज रपट के हनुमानजी, पुजारी मुरारी पाण्डे पंचमुखी हनुमान मंदिर का सान्निध्य में शहर के बाजार बंद रखते हुए जुलूस निकालकर

- **भीलवाड़ा शहर में संतों के सानिध्य में रैली निकाली, एडीएम को ज्ञापन सौंपा**

राष्ट्रपति के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, हिन्दू जागरण मंच, सिंधु सेवा समिति, भारतीय सिंधु सभा, सनातन सेवा समिति सहित विविध संगठनों के सदस्य पदाधिकारी व समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बांग्लादेश के विभत्स कर देने वाले घटनाक्रम की सभी ने निन्दा की। बैठक में बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दूओं, सिखों आदि के धार्मिक स्थलों व जान-माल की सुरक्षा पर चिन्तन किया गया।

# दहेज की मांग, विवाहिता को घर से निकाला

## दहेज में कार व 6 लाख रुपए की मांग की

**मकराना, (निसं)।** दहेज में कार व 6 लाख रुपए की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकालने का एक मामला पुलिस थाना में दर्ज करवाया गया है। मनाना निवासी भाग्यश्री पत्नी राकेश मंडा व पुत्री हनुमान प्रसाद ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी कुड़सू नोखा बीकानेर निवासी राकेश मंडा पुत्र रामजस मंडा के साथ हुई थी। उसने बताया कि उसका पति सरकारी टीचर हैं।

शादी के बाद ससुराल जाते ही पति राकेश सहित ससुर रामजस, देवर रामदयाल, ननद विमला, मीरा व सास ने मारपीट की और कहा कि दहेज में गाड़ी व 11 लाख रुपए देकर समाज में नाक कटवा दी। मायके जाओ तो कार व बाकी 6 लाख रुपए लेकर आना वरना परिणाम भुगतने को तैयार रहना। 8 अगस्त 2020 को पति के साथ ससुराल जाते समय रास्ते में पति ने कल्याणपुरा में गाड़ी रोक दी और कहा कि गहने नहीं पहने इसलिए उसे यही छोड़कर जा रहा है। गत 21 मई को उसका पति रात्रि में उसके मायके आया और मारपीट कर मांग दोहराई।

### विदेशी मुद्रा कारोबार को लेकर ऑनलाइन लेन-देन का पर्दाफाश

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की सरदारपुरा पुलिस ने विदेशी मुद्रा कारोबार को लेकर ऑनलाइन लेन-देन का पता लगाया है। दो युवकों को चिल्ड्रन पार्क के पास से पकड़ा गया है। जनवरी से लेकर अब तक 80-90 करोड़ के ट्रांजेक्शन का आरंभिक तौर पर पता लगा है। इसमें दो अन्य लोग सरगना बताए जाते हैं, जिनकी धरपकड़ के लिए पुलिस ने टीमें लगाई है। सबइंस्पेक्टर ने इस बारे में सरदारपुरा थाने में मामला दर्ज कराया है। आरोपी सिंडिकेट के तौर पर कार्य कर रहे हैं, जो कि एक गिरोह के रूप में है।


सरदारपुरा पुलिस के अनुसार विदेशी मुद्रा का ऑनलाइन कारोबार कर फ्रॉड करने वाले दो शख्स पाली हाल कुड़ी निवासी जीताराम उर्फ जीतू और विवेक विहार के रहने वाले अनिल कुमार को पकड़ा गया है। हालांकि अभी उनके मोबाइल में ज्यादा ट्रांजेक्शन का पता नहीं लगा है। मगर जनवरी से लेकर अब तक 80-90 करोड़ का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी मिली है। यह लोग यूएसडीटी डॉलर कारोबार से जुड़े हैं। गुरूवार को इनके चिल्ड्रन पार्क के पास आने की जानकारी मिलने पर सरदारपुरा पुलिस ने पकड़ा। इनके दो साथियों रोहित और राहुल के नाम सामने आए हैं जोकि सरगना माने जाते हैं।

# अजमेर में बरसात से जर्जर तीन मंजिला भवन गिरा

## भवन में व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन होता था, गनीमत यह रही कि जिस दौरान भवन गिरा उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था, बड़ा हादसा टला

**अजमेर, (कासं)।** प्रदेश में सक्रिय मानसून के चलते अजमेर शहर सहित जिलेभर में पिछले पांच दिनों से लगातार रुक-रुककर हो रही कभी तेज तो कभी रिमझिम बरसात से जहां मौसम खुशनुमा है, वहीं पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं शुक्रवार दोपहर 12 बजे हुई बरसात के चलते केसरगंज स्थित बाटा तिहारे के पास जर्जर तीन मंजिला भवन ढह गया। हादसे से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही निगम प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से मलबे को हटवाया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर 12 बजे के करीब हुई तेज बरसात के बीच केसरगंज बाटा तिराहा के पास बाजे वाली गली में एक तीन मंजिला जर्जर भवन भरभराकर गिर गया। भवन में व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन होता था। गनीमत यह रही कि जिस दौरान भवन गिरा उस वक्त वहां कोई मौजूद नहीं


अजमेर में बाटा तिराहे के पास गिरे जर्जर भवन के मलबे को जेसीबी से हटावाया।

था। अचानक हुए हादसे से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल हो गया। अचानक हुए हादसे के बाद आसपास रहने वाले लोग घरों से बाहर आ गए। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बारिश में अजमेर इलाके में कई पुरानी बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हुई है, हालांकि इनमें कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

सूचना मिलते ही मौके पर क्लॉक टावर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इधर नगर निगम अधिकारी भी जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। निगम

- **निगम कर्मचारियों ने जेबीसी की सहायता से जर्जर भवन के गिरे मलबे को हटाया, भवन मालिकों को नगर निगम ने नोटिस दिया**
- **अजमेर शहर सहित जिलेभर में पांच दिन से कभी तेज तो कभी रिमझिम बरसात जारी**

कर्मचारियों ने जेबीसी की सहायता से जर्जर भवन के गिरे मलबे को हटाया। भवन मालिकों को नगर निगम ने नोटिस भी दिया।

**शहर भर में है जर्जर मकान :-** अजमेर नगर निगम सीमा क्षेत्र में पुरानी मंडी, नया बाजार, नला बाजार, दरगाह बाजार, गुर्जर धरती, नगरा सहित अन्य क्षेत्रों में भी दर्जनों ऐसे पुराने मकान हैं जो जर्जर अवस्था में हैं, कभी हादसा हो सकते हैं। मानसून के दौरान लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। नगर निगम प्रशासन भी भवन मालिकों को महज नोटिस देकर खानापूर्ति कर रहा है।

**पर्यटक स्थलों पर भीड़ :-** शहर में पिछले पांच दिनों से आसमान में बादल छाए रहने और रिमझिम बारिश से मौसम खुशगवार हो गया है, जिससे पर्यटक स्थलों पर अजमेर शहर ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी पर्यटक पुष्कर और अजमेर के अनासागर सहित अन्य पर्यटन स्थलों को देखने के लिए आ रहे हैं।

जिला कलेक्टर डॉ.भारती दीक्षित ने शहरवासियों से अपील की है कि बारिश के मौसम में पुराने व जर्जन मकानों आदि से दूर रहे। यदि प्रशासन आपसे मकान को खाली करने की अपील करता है तो प्रशासन का सहयोग करते हुए मकान को खाली करें ताकि बारिश के दौरान कोई हादसा नहीं हो और जनहानि से बचा जा सके।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**उदयपुर, (निसं)।** गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई तथा एक युवक घायल हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र कृषि मण्डी गेट एवं पेट्रोल पंप के बीच रास्ते में बाइक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक धनराज (18) पुत्र दिता निवासी केवड़ा कला एवंनया गांव निवासी मनोहर दोनों गंभीर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां धनराज की मौत हो गई। दोनों मजदूरी कर मनोहर की बाइक पर बैठकर दक्षिण विस्तार होते हुए नया खेड़ा जा रहे थे, जहां बीच रास्ते में पिछे से आई बाइक ने टक्कर मार दी थी। हादसे की सूचना मिलने पर हेडकांस्टैबल मोहनलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसी तरह गुरूवार को गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र बारापाल रोड़ पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक चन्दूलाल (26) पुत्र गोतमजी परमार निवासी सरेरा पहाड़ा की मौत हो गई। चन्दू बाइक पर खेरवाड़ा से उदयपुर आ रहा था। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल भैरूलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

